भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 602

जिसका उत्तर 25.07.2024 को दिया जाना है

कलबुर्गी बाईपास रोड

602. श्री राधाकृष्णः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कलबुर्गी बाईपास सड़क के विकास और वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कलबुर्गी बाईपास के लिए एक नया राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर आवंटित करने में अत्यधिक देरी हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) कलबुर्गी बाईपास के लिए एक नए एनएच नंबर के तत्काल आवंटन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) मंत्रालय ने पहले ही कलबुर्गी शहर को बाईपास करते हुए और तीन राष्ट्रीय राजमार्गों अर्थात् रारा-150ई, रारा-150 और रारा-50 को काटते हुए एक रिंग रोड का निर्माण किया है। कर्नाटक राज्य सरकार ने भी कलबुर्गी के चारों ओर बाहरी रिंग रोड के ग्रीन फील्ड संरेखण को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का अनुरोध किया था। मंत्रालय को कर्नाटक राज्य सरकार सहित विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों से राज्य की सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग (रारा) घोषित/उन्नयन करने के प्रस्ताव मिलते रहते हैं। मंत्रालय नये राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा के लिए मानदंडों की पूर्ति, संपर्कता की आवश्यकता, पारस्परिक प्राथमिकता और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर समय-समय पर कुछ राज्यीय सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के रूप में घोषित करने पर विचार करता है।

*****